सुविधा | वन ए और बी के रूप में मिलेंगे दो नए प्लेटफार्म, यात्रियों को मिलेगी सहूलियत

# जबलपुर स्टेशन का होगा कायाकल्प

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ दो नये प्लेटफॉर्म बनाए जाने हैं। इसके लिए लगभग सात महीने पहले बजट भी पास हो गया है। अब खबर ये आ रही है कि रेलवे के इंजीनियरो द्वारा डिजाइन भी फाइनल हो गई है और डिजाइन के बाद अब अगले माह टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी उसके बाद काम शुरू हो जाएगा। इस काम के शुरू होने के बाद स्टेशन में प्लेटफॉर्म की संख्या 6 से बढ़कर 8 हो जाएगी और इन दो नये प्लेटफॉर्म को 1 ए और 1 बी के नाम से जाना जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इनको बनाने के लिए वर्तमान में एक नंबर प्लेटफॉर्म की तरफ जो बिल्डिंग व पुराने क्वार्टर हैं, उन्हें तोड़ा जाएगा और काम शुरू किया जाएगा। बता दे कि यहां स्थित वर्तमान में वाहन पार्किंग को भी अलग किया जाएगा बता दे कि पश्चिम मध्य रेल ने पहले मुख्य रेलवे स्टेशन के पूर्ण पुनर्विकास की योजना तैयार की थी, जिसमें प्लेटफॉर्म एक से लेकर 6 तक पूर्ण कायाकल्प होना था। इसके लिए लगभग 499 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया था। यह विकास की योजना 2 साल तक लंबित रही, यही वजह है कि लेटलतीफी से बजट घट गया और रेलवे बोर्ड ने पुनर्विकास योजना के लिए लगभग 246 करोड़ रुपये ही स्वीकृत किए। जबकि जानकारों का कहना है की रेलवे द्वारा बजट कार्य के अनुसार जारी किया जाता है।



### खड़ी हो सकेंगी 24 बोगियां

मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ जहां नये प्लेटफॉर्म बनाए जाने हैं वहां पर 24 कोच की ट्रेन खड़ी हो सके उसके अनुसार निर्माण कार्य करने की तैयारी है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में नैनपुर पैसेंजर ट्रेन के लिए जीआरपी स्टेशन के सामने बने प्लेटफॉर्म क्रमांक एक-ए का विस्तार कटनी एंड पर पार्सल कार्यालय की लाइन तक करके एक नया प्लेटफॉर्म बनेगा इसके साथ ही यहां दूसरा प्लेटफॉर्म बनेगा, जिसके लिए अभी जो बिल्डिंग बनी है उसको अलग किया जाएगा। अभी यहां 8 से 10 कोच की ट्रेन खड़े होने लायक प्लेटफॉर्म एक-बना हुआ है, यहीं विस्तार किया जाएगा।

**फैक्ट फाइल**

**ये सुविधाएं भी मिलेंगी**

- रेलवे के अलग-अलग विभागीय कार्यालय
- यात्रियों को प्रतीक्षालय
- फूड जोन सहित अन्य जरूरी सुविधाएं
- प्लेटफॉर्म में प्रवेश और निकासी के लिए अलग-अलग द्वार
- कटनी छोर पर नए फुटओवर ब्रिज का निर्माण
- नई लिफ्ट के साथ ही एस्केलेटर भी बनेंगे
- सुविधाजनक रिटायरिंग रूम
- यात्री प्रतीक्षालय
- नया पार्किंग स्थल भी बनेगा

### रोज़ बढ़ रहे यात्री

मुख्य रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों और यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्य स्टेशन से सैकड़ों ट्रेनें चलती हैं, वहीं लंबी दूरी की स्पेशल ट्रेनों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। जबलपुर से नई ट्रेनों का संचालन आरंभ करने की भी योजना है, जिसके लिए अतिरिक्त प्लेटफॉर्म बनना बहुत जरूरी है। इन प्लेटफार्म के बन जाने से आम जनों को बहुत सुविधा होगी।

**इनका कहना है**

अगले माह दो नए प्लेटफार्म 1 ए और 1 बी के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा

**हर्षित श्रीवास्तव**
**सीपीआरओ, पमरे**

## सरेराह युवती का अपहरण, बंधक बना किया बलात्कार

**6 साल से मुख्य आरोपी कर रहा था परेशान, दोस्त के साथ मिल की हैवानियत-दरिंदगी**

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र से एक युवती का दो युवकों ने सरेराह अपहरण कर लिया। इसके बाद चांदमारी पहाडी के पास ले गए जहां बंधक बनाकर युवक ने उसकी बेरहमी से पिटाई की बल्कि उसकी अबारू लूटी। आरोपी के चंगुल से किसी तरह पीड़िता छूटकर घर पहुंची और आपबीती सुनाई। जिसके बाद मामला थाने पहुंचा। पुलिस ने रिपोर्ट पर दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। मुख्य आरोपी 6 साल से पीड़िता को परेशान कर रहा था। जिसने दोस्त के साथ मिलकर हैवानियत-दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस के मुताबिक 22 वर्षीय युवती निवासी पुराना कंचनपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे हर्ष कुशवाहा निवासी आजाद नगर, शोभापुर को 5-6 वर्षों से जानती है। हर्ष शादी करने के लिए उस पर दबाव बनाते हुए परेशान करता था। उसने कई बार मना किया लेकिन वे नहीं मान रहा था। आते जाते पीछा कर उसे एवं उसके माता पिता को जाने से मारने की धमकी देता था।



21 जनवरी 2026 को जब वे बड़ी बहन के घर सिंगलदीप पनागर जा रही थी तभी दोपहर तीन बजे बस से उतरकर नीचे आयी और बस चली गयी जैसे ही वे बहन के घर को जाने के लिये हुई तो आस पास कोई साधन नहीं दिखा तभी हर्ष कुशवाहा व एक अन्य लड़का मोटरसाईकिल से उसके पास आ गये और हर्ष उसे साथ चलने के लिये बोलने लगा तब उसने उसके साथ जाने से मना किया तो वह विवाद करने लगा जिसके बाद उसने उसका हाथ पकड़कर खींचने लगा तो वे चिल्लायी तो भीड़ एकत्रित हो गई। इसके बाद दोनों मारपीट करने के लिये उतारू हो गए। इसके बाद दोनों ने जबरदस्ती पकड़कर मोटरसाईकिल में बैठा लिया उतरने की कोशिश की तो जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद चांदमारी पहडिया में वहीं लड़का जो हर्ष के साथ था जिसका नाम कन्हैया ठाकुर था उसके किराये के कमरे में लाकर बंद कर दिये और पूरी रात उसी कमरे में रखे इस दौरान हर्ष ने उसे बेरहमी से मारा। जबरदस्ती कई बार शारीरिक संबंध बनाये। वे बेहोश हो गई थी। जब उसे होश आया तो बाहर से कुंडी लगी थी जिसे खोलकर वे किसी तरह भागर घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। पुलिस ने रिपोर्ट पर हर्ष कुशवाहा निवासी आजाद नगर शोभापुर, कन्हैया ठाकुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**शादी का झांसा देकर महिला की लूटी अस्मत**

हनुमानताल निवासी एक महिला को शादी का झांसा देकर युवक उसकी अस्मत लूटता रहा। पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय महिला निवासी हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पंचकुईया निवासी कीबिया अंसारी से पांच साल पहले उसकी पहचान हुई थी। पति काम के सिलसिले में सूरत, छग जाते थे। इस बीच कीबिया से बातचीत होने लगी थी। 14 जनवरी 2025 को रात्रि दस बजे कीबिया ने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये थे जिसके बाद कई बार शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये उसे क्षेत्र में बदनाम कर दिया।

## 70 तोला सोना, 1 किलो चांदी, 6 लाख नगद ले गए चोर

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत सुखसागर वैली पोलीपाथर में सूने घर का ताला तोड़कर चोर 70 तोला सोना, 1 किलो चांदी, 6 लाख नगद चोर कर लें गए।

पुलिस ने बताया कि सागर वर्मा 38 वर्ष निवासी सुखसागर वैली पोलीपाथर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ट्रांसपोर्ट का कार्य करता है उसकी माता का स्वास्थ्य खराब होने से जबलपुर हास्पिटल में भर्ती है वह एवं उसकी पत्नी हास्पिटल के लिये गये थे घर के मेन दरवाजा में ताला लगा दिया था पड़ोस के अरूण जायसवाल ने फोन कर बताया कि आपके घर का दरवाजा खुला है तो वह अपनी पत्नी के साथ घर वापस आकर देखा दरवाजा का ताला टूटा पड़ा था अंदर जाकर देखा दोनों बेडरूम के आलमारी का ताला टूटा था पूरा सामान बिखरा हुआ था। आलमारी में रखा लगभग 70 तोला सोना एवं 1 किलो चांदी, नगदी 6 लाख रूपये गायब थे। कैमरा चैक पर 4 अज्ञात नकाबपोश लड़के 3-45 बजे घर में घुसे थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

### ननि ठेकेदार के घर चार लाख की चोरी

विजयनगर थाना अंतर्गत कचनार सिटी में चोरों ने ननि ठेकेदार के घर का ताला तोड़कर चार लाख के आभूषण पार कर दिए। पुलिस ने बताया कि जितेन्द्र सिंह 50 वर्ष निवासी कचनारसिटी सारिथी द्वार के पास विजयनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नगर पालिकाओं में ठेकेदारी का काम करता है। पिता का निधन होने पर परिवार सहित पेतृक गांव मंगरौठ जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश गया था। बीती रात घर वापिस लौटे तो मुख्य दरवाजे कालॉक टूटा मिला। सोने चांदी के जेवरात, लगभग 4 लाख रूपये के गायब थे।

### बरगी में भी हुई चोरी

बरगी थाने में करन बाल्मीक 19 वर्ष निवासी घंसौर रोड़ बरगीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट नौकरी करता है। मॉं के साथ चाचा के घर गया था। वापिस घर आकर देखा दरवाजा कब्जे सहित टूटा था, अंदर रखी अलमारी खुली एवं लाकर टूटा तथा सामान बिखरा था अलमारी में जेवर, नगदी 2 हजार रूपये गायब थे।

## कुलगुरु से अभद्रता करने वाला कर्मचारी निलंबित



**राद़ुविवि प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई, जारी हुआ आदेश**

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कुलगुरु के साथ अभद्र व्यवहार के मामले में विश्वविद्यालय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्मचारी संजय यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कुलसचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह कार्रवाई विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत की गई है। जारी आदेश में बताया गया है कि संजय यादव द्वारा किया गया कृत्य आचरण नियमों के विरुद्ध है। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय व्यंकटेश लाइब्रेरी (विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र), कटनी रहेगा। इस दौरान उसे नियमानुसार गुजारा भत्ता प्रदान किया जाएगा। विगत माह कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा लेखा शाखा का औचक निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान वहां पहुंचे पूर्व लिपिक संजय यादव ने कुलगुरु के साथ अभद्र व्यवहार कर उन्हें कमर से पकड़ कर अपनी ओर खींचने का प्रयास किया था, इस अप्रत्याशित हरकत से कुलगुरु असहज हो उठे और मौके पर मौजूद अधिकारी भी स्तब्ध रह गए। घटना को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई की।

### पहले से विवादों में रहा है कर्मचारी

सूत्रों के अनुसार संजय यादव पूर्व में भी तत्कालीन कुलपति के साथ अभद्रता के मामले में निलंबित हो चुका है। जिसमें कर्मचारी संजय यादव द्वारा पुराने कुलपति की गाड़ी को टक्कर मारी गई थी, जिसके बाद तत्काल रूप से संजय यादव को सस्पेंड किया गया था। उस पर पहले भी गंभीर आरोप लग चुके हैं।

### अनियमितताओं की जांच दायरे में है संजय यादव

विदित है कि संजय यादव पूर्व में लेखा शाखा में पदस्थ था, लेकिन अनियमितताओं की शिकायत के बाद उसे वहां से हटा दिया गया था। उसकी भूमिका की जांच के लिए पहले से ही एक समिति गठित है।विश्वविद्यालय में उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर संजय यादव पर पुलिस में आपराधिक प्रकरण दर्ज है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जांच टीम ने विश्वविद्यालय में अपराधिक प्रकरण दर्ज वाले लोगों को हटाने के लिए आदेशित किया था, उसके बावजूद भी वह विश्वविद्यालय में कार्यरत रहा।

### जबलपुर होकर चलेगी प्रयागराज मुंबई ट्रेन

**जबलपुर, नवभारत।** संगमनगरी प्रयागराज के सूबेदारगंज से मुंबई के बीच व्हाया सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी होकर सफर करने वाले यात्रियों के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने संगम नगरी के सूबेदारगंज स्टेशन से मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनल के लिए एक नई सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की घोषणा की है। इस विशेष ट्रेन का संचालन पांच मार्च से प्रभावी होगा, जो प्रत्येक गुरुवार को सूबेदारगंज स्टेशन से प्रस्थान करेगी। रेलवे ने इस सेवा को लंबी अवधि के लिए नियोजित किया है और इसका शेड्यूल दिसंबर 2030 तक जारी कर दिया गया है।

## दफ्तरों के गलियारे

### विदाई की बेला आई करीब



सूबे में बने रेलवे के सबसे बड़े कार्यालय के सबसे ऊंचे पद पर बैठे अधिकारी का कार्यकाल अगले माह समाप्त होने की अटकलें तेज हो गई है। जिसके बाद रेलवे ने नए जिम्मेदार को इस पद पर बैठाने के लिए खोजबीन चालू कर दी है। कार्यालय के गलियारों और भोजन अवकाश के समय बरामदें में तो ये चर्चाएं भी चल रही है कि सिर्फ मुखिया ही नहीं इनके साथ कई और साहब भी इधर से उधर होने वाले है जो दो दो वर्षों से अपनी कुर्सी से चिपके बैठे है। रिटायरमेंट के करीब एक बाबू बताए कि भैया, इसको चुगली के रूप में मत लेना, सभी का वक्त बढ़िया रहा। देख नहीं रहे आज रेलवे कहां से कहां पहुंच गया।

### धान उपार्जन की मलाई खाकर बैठ गए साहब



जिले में धान उपार्जन में पूर्ण हो चुका है, लगभग डेढ़ माह तक चले धान उपार्जन के कई केंद्रों पर कई गड़बड़ी और अनियमितता सामने आई थी, वहीं कई खरीदी केंद्रों पर शिकायत मिलने पर जांच भी की गई और उन पर बाद में कार्यवाही भी हुई, जिसमें मझौली तहसील के एक वेयरहाउस में करोड़ों रुपए का घोटाला भी शामिल है। वहीं दूसरी ओर उपार्जन में शामिल कई समितियां और केंद्र ऐसे भी रहे हैं जहां पर गड़बड़ियां तो मिली लेकिन उपार्जन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने नियुक्त किए जाने वाले साहब स्वयं ही इस गड़बड़ियों से अनजान रहे या फिर अनजान बनने का ढोंग करते रहे। जिसके कारण उन समितियों पर नियमानुसार कार्यवाही नहीं हो सकी, क्योंकि उपार्जन केंद्रों पर पहुंचे कई साहबों की समिति और वेयरहाउस संचालकों से सेटिंग हो रखी थी, जिसके चलते उन्हें भी हिस्सेदार बना लिया गया और वह खरीदी केंद्रों से मिलने वाली मलाई खाते रहे और गड़बड़ियों से अंजान बने रहे।

### वीडियो ने छिनी कुर्सी, रील से पब्लिसिटी



पुलिसिया गलियारों में दो वीडियो चर्चाओं में बने। क्राइम से जुड़े वीडियो के वायरल होने के बाद जहां प्रभारी की कुर्सी छीन ली गई तो एक रील ने मझले साहब को हीरो बना दिया। हुआ यूं कि एक बैठक से फेक वीडियो कांड उजागर हुआ। बड़े मामलों से दूर रहने वाले मझले साहब ने इतनी सक्रियता दिखाई की पूछो मत, रीलबाज को तलब किया। स्क्रिप्ट बनी, फ्लैश चमका, फोटो खिंचवाई। जैसे बड़ी सफलाता हासिल कर ली हो। इसके बाद कानाफूंसी हुई कि मझले साहब ने स्वयं पब्लिसिटी करने बिना शिकायत स्वत: संज्ञान लिया बल्कि खुद अपनी पीठ थपथपाई। चहेते भले ही उन्हें हीरो बता रहे है, जबकि जिनकी कुर्सी छिन गई उनके करीबी गम में है।

धनंजय श्रीवास्तव, अमन पटेल, अजहर खान

## हिट एंड रन : पांच श्रमिकों को मौत की नींद सुलाने वाले चालक गिरफ्तार

**पूना भागने की तैयारी में था आरोपी, ओवरटेक करने के चक्कर में हुआ था हादसा**

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत सिग्मा कान्हा कॉलोनी सालीवाड़ा के पास नेशनल हाईवे रोड में 18 जनवरी को तांड़व मचाते हुए पांच श्रमिकों को मौत की नींद सुलाने वाले कार चालक को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी पूना भागने की तैयारी में था। मुख्य रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर ट्रेन में बैठा था। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में यह बात सामने आई है कि ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा था। आरोपी सामने चल रही कार को ओवरटेक कर रहा था अभी हादसा हुआ है।



विदित हो कि सिग्मा कान्हा कालोनी सालीवाड़ा के पास नेशनल हाईवे रोड में डिवाइडर ग्रिल पर रंगाई, पुताई और सफाई का काम चल रहा था। मंडला जिले के ग्राम बम्होरी थाना बीजाडांडी, बम्होरी बिहारिया गांव के निवासी श्रमिक पिछले डेढ़ महीने से यहां मजदूरी कर रहे थे। 18 जनवरी को काम करने के बाद थके श्रमिक सडक़ किनारे भोजन कर रहे थे। दोपहर लगभग 1-30 बजे बरेला तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 एक्स बी 1460 के चालक ने श्रमिकों को कुचल दिया और भाग गया था। हादसे में श्रीमति चेनवती गौड़ 45 वर्ष एवं श्रीमति लछ्छो बाई 40 वर्ष, श्रीमति वर्षा कुशराम 45 वर्ष, श्रीमति गुमता बाई 40 वर्ष, श्रीमति कृष्णा बाई कडोपा 40 वर्ष सभी निवासी ग्राम बम्होरी की मौत हुई है । पुलिस ने कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस ने कार मालिक दीपक सोनी पिता रमेश सोनी को अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ की तो उसने भाई लखन द्वारा कार चलाना बताया। कार को भी सिहोरा से बरामद कर लिया गया था लेकिन चालक लखन सोनी फरार चल रहा था। इस बीच क्राइम ब्रांच को सूचना मिल कि आरोपी लखन सोनी बाहर भागने की फिराक में है। क्राइम ब्रांच ने स्टेशन में घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा।
















नवभारत

आवश्यकता है

पद की योग्यता

देश के अनेक राज्यों से प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के जबलपुर संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है।

एकाउंटेंट
(2 वर्ष का अनुभव एवं बी.कॉम. व टेली )

डीटीपी ऑपरेटर
(5 वर्ष का अनुभव एवं कोरल ड्रा अनिवार्य)

मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव
(3 वर्ष का अनुभव एवं बी.कॉम/ बीबीए)

सर्कुलेशन एग्जीक्यूटिव
(2 वर्ष का अनुभव एवं बीए/बी.कॉम)

नोट- स्वयं का वाहन और कम्प्यूटर में दक्षता अनिवार्य।

ऑफिस बाय
(5 वर्ष का अनुभव एवं 10 वीं पास )

संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक )
9752721239, 8305852507, 9109700824
hr.navabharat1934@gmail.com

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा प्रेस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharat.418@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RIN Reg No.1537/57